दैनिक
न्याय साक्षी



रायगढ़, गुरूवार 13 दिसम्बर 2018
www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# जाति के जंजाल में हनुमान और सियासत के मंसूबे...!

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजस्थान में चुनाव प्रचार के दौरान अलवर जिलें के दलित बहुल इलाके मालाखेड़ा पहुचें। वहा उन्होंने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि बजरंगबली ऐसे लोकदेवता है जो स्वयं वनवासी है ,गिरवासी है ,दलित है, वंचित है। योगी आदित्यनाथ ने जिस क्षेत्र में यह बात कही वह अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्र होने के नाते सुरक्षित सीट है इसलिए योगी ने हनुमानजी को दलित बताकर राजनीतिक समीकरण साधने चाहे, लेकिन उनकी इस टिप्पणी ने भाजपा को ही असहज कर दिया। देश के अनेक साधु संत भी योगी की इस टिप्पणी पर उनकी आलोचना कर रहे है।इधर योगी इन आलोचनाओं के बाद भी अपनी बात पर अडिग है। वे यह तर्क दे रहे है कि जो लोग धर्म के मर्म को नहीं जानते वे ही बाल की खाल निकालते है।

योगी आदित्यनाथ की इस टिप्पणी से मालाखेड़ा के भाजपा प्रत्याशी को कितना लाभ होगा यह तो परिणाम आने पर ही पता चलेगा लेकिन उनकी टिप्पणी पर जो विवाद हो रहा है उसपर भाजपा जरूर बचाव की मुद्रा में आ गई है। भाजपा को यह महसूस हो रहा है कि अलवर में योगी की यह टिप्पणी अनावश्यक थी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि योगी की सभा के एक दिन पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा आयोजित की गई थी ,जिसमे उन्होंने भी हनुमान जी का उल्लेख किया था ,लेकिन उन्होंने इसे इस सधे हुए अंदाज में कहा कि कोई विवाद उत्पन्न नहीं हो सका ,परन्तु योगी आदित्यनाथ ने हनुमान जी को दलित बताकर न केवल खुद को आलोचनाओं के घेरे में ला दिया बल्कि अपनी पार्टी को भी असहज कर दिया। पार्टी को अब स्थिति से उभरने में बचाव का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। दरअसल योगी आदित्यनाथ की टिप्पणी के बाद दलितों के समूहों ने विभिन्न स्थानों पर हनुमान जी के मंदिरों में प्रवेश कर वहा के पुजारियों को बाहर कर स्वयं पूजा अर्चना करने लग गए। भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर ने बाकायदा यह मांग कर डाली कि देशभर के हनुमान मंदिरों को दलित समूहों को सौपकर वहा पर दलित पुजारियों की नियुक्ति की जाए। कई स्थानों पर दलितों ने हनुमान जी को अपना कुलदेवता मानकर धूमधाम से उनकी पूजा अर्चना भी शुरू कर दी है।

हमारे देश में राजनीतिक दलों स्वार्थ सिद्धि के लिए बाकायदा दलित एजेंडा तैयार कर रखा है। दलित वोट बैंक पर राजनीतिक दलों की विशेष नजर रहती है। बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने तो बाकायदा महादलित आयोग बनाया है। चुनावों में कही दलित मुस्लिम, दलित यादव गठजोड़ होता आया है तो इसका उद्देश्य केवल सियासी लाभ लेना ही होता है। अब ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हनुमान जी दलित बताकर सियासी लाभ की संभावना देख ली है तो इसमें हैरानी को कोई बात नहीं है। अब बड़ा सवाल यह है कि जनता अपने आराध्य देवो के इस जातिगत वर्गीकरण को कितना समर्थन देती है। योगी आदित्यनाथ को भले ही अपनी टिप्पणी में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं लग रहा है लेकिन यह उनसे जरूर पूछा जाना चाहिए कि देवी देवताओं की जाति तय करने अधिकार उन्हें यह अन्य नेताओं को कैसे दिया जा सकता है।

रामभक्त हनुमान के भक्तों की संख्या करोड़ों में है। उनकी आराधना न केवल देश में बल्कि विदेशों तक में होती है। उनमे केवल दलित ही नहीं बल्कि अन्य जाति के लोग भी होते है। आखिर योगी क्या इससे यह साबित करना चाहते है कि हनुमान जी की पूजा करने का पहला अधिकार केवल दलितों को है। निश्चित योगी की इस टिप्पणी ने हनुमान भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है बल्कि इससे उनका अपमान भी किया है। हनुमान जी को लेकर योगी की टिप्पणी पर और अधिक विवाद न हो इसलिए इसे अब यही समाप्त कर देना चाहिए। मतलब यह है कि राजनीतिक लाभ लेने का सिलसिला शुरूआती बिंदु पर ही थम जाना चाहिए।

# एसबीआई से कर्ज लेना हुआ महंगा




नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक ने अपने ग्राहकों को झटका दिया है। एसबीआई प्रबंधन ने ऋण पर ब्याज दर बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। इस मंजूरी के बाद एसबीआई के होम या फिर कार लोन महंगे हो जाएंगे। दरअसल, बैंक ने अपनी कर्ज दरों में 0.05 फीसदी की बढ़ोत्तरी कर दी है। यानी अब एसबीआई से कर्ज लेना महंगा हो जाएगा, साथ ही जो लोग पहले से लोन लिए हुए हैं, उनकी ईएमआई भी बढ़ जाएगी। ये दरें आज 10 दिसंबर, 2018 से प्रभावी हो गई हैं। एसबीआई ने सभी टेनर्स के लिए एमसीएलआर को 0.05 फीसदी बढ़ाया है। इस बढ़ोतरी के साथ अब एसबीआई की 1 साल की एमसीएलआर दर 8.5 से बढ़कर 8.55 फीसदी हो गई है।

# मल्टी ब्रांड रिटेल में 100 फीसद एफडीआई की मांग

नई दिल्ली। सरकार को मल्टी ब्रांड रिटेल कारोबार में 100 फीसद प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को अनुमति देने पर विचार करना चाहिए और इस सेगमेंट में विकास को बढ़ावा देने के लिए इस सेक्टर में कारोबारी सुगमता में और अधिक सुधार लाना चाहिए। ये सुझाव भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा जारी राष्ट्रीय रिटेल नीति के तहत दिए गए। सीआईआई की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि बाधाओं को दूर करने और पारंपरिक व आधुनिक रिटेल के सौहार्दपूर्ण सहअस्तित्व और विकास के लिए सरकार को एक संपूर्ण राष्ट्रीय रिटेल नीति लानी चाहिए, जिसमें सभी मुद्दों का समाधान कर पाने की क्षमता हो। यद्यपि वर्तमान एफडीआई नीति के मुताबिक विदेशी कंपनियां किसी भारतीय रिटेल कंपनी में 51 फीसद हिस्सेदारी ले सकती हैं, फिर भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पिछले आम चुनाव के घोषणा पत्र में रिटेल क्षेत्र में विदेशी निवेश का विरोध किया था।



# सब को पीछे छोड़ 'बेस्ट' कप्तान बन जाएंगे कोहली, चाहिए 3 जीत

नई दिल्ली। विराट कोहली को भारत का सबसे सफल कप्तान बनने के लिए केवल तीन जीत की दरकार है. अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्तमान सीरीज में टीम क्लीन स्वीप करने में सफल रहती है, तो वह महेंद्र सिंह धोनी को पीछे छोड़कर कप्तानी में भी शिखर पर पहुंच जाएंगे. विश्व के नंबर एक बल्लेबाज कोहली की अगुवाई में भारत ने अब तक 43 टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें से 25 में उसने जीत दर्ज की है.



बाकी मैचों में से नौ में भारत को हार मिली, जबकि इतने ही मैच ड्रॉ छूटे. अभी धोनी भारत के सबसे सफल कप्तान हैं, जिनके नाम पर 60 मैचों में 27 जीत दर्ज हैं. मतलब कोहली को उनकी बराबरी करने के लिए अब केवल दो जीत की दरकार है. एडिलेड टेस्ट जीतकर भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की सीरीज का शानदार आगाज किया है और ऐसे में उसके पहली बार ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर सीरीज जीतने की संभावना भी बढ़ गई है.

# कोटक बैंक ने आरबीआई के फैसले के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में अर्जी दी है।

नई दिल्ली। कोटक बैंक ने आरबीआई के फैसले के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में अर्जी दी है। जी हां कोटक महिंद्रा बैंक ने सोमवार को कहा कि तरजीही शेयर जारी कर बैंक प्रवर्तकों की हिस्सेदारी घटाने के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के फैसले को उसने बंबई हाईकोर्ट में चूनौती दी है।कोटक महिंद्रा बैंक के प्रवर्तक और संस्थापक उदय कोटक ने अगस्त में तरजीही शेयर जारी कर बैंक में अपनी हिस्सेदारी को 30 फीसदी से घटाकर 19.70 फीसदी कर दिया था। इसके कुछ ही दिन बाद रिजर्व बैंक ने कहा कि कोटक द्वारा घटायी गयी हिस्सेदारी की कमी उसके नियामकीय नियमों से मेल नहीं खाती है।

# चीन की कोर्ट ने आईफोन की बिक्री पर लगाई रोक

नई दिल्ली। अमेरिका और चीन के बीच चल रहे ट्रेड वार में आईफोन निर्माता कंपनी ऐप्पल का करारा झटका लगा है. चीन की एक कोर्ट ने देश में आईफोन के आयात और उसकी बिक्री पर रोक लगाने का फैसला सुनाया है. खासबात ये है कि यह रोक आईफोन के कुछ मॉडलों पर ही लगाई गई है. ऐप्पल के हाल ही में लॉन्च हुए आईफोन एक्सएस, एक्सएस प्लस और iPhone XR को इस प्रतिबंध से अलग रखा गया है. चीन में ऐप्पल के खिलाफ क्वालकॉम ने मुकदमा दायर किया था. इस मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है. Qualcomm मोबाइल के लिए प्रोसेसर बनाती है. कोर्ट के इस फैसले से चीन में आईफोन की बिक्री पर 10 से 15 फीसदी तक असर पड़ेगा.




# टाटा टिआगो का टॉप वेरिएंट XZ+ भारत में लॉन्च

नई दिल्ली। टाटा मोटर्स ने देश में काफी पसंद की जा रही टिआगो रेन्ज में नया XZ+ वेरिएंट लॉन्च कर दिया है जो अब टाटा की इस सस्ती हैचबैक रेन्ज का टॉप मॉडल बन गया है. कंपनी ने कार को कई नए फीचर्स दिए हैं और एक्सटीरियर में हल्के बदलाव भी किए गए हैं.



# शेयर बाजार की शानदार शुरुआत, सेंसेक्स में 260 अंकों की बढ़त

मुंबई। चुनावी नतीजों में बहुमत वाली सरकार बन रही है तो वहीं शेयर बाजार इस स्थिरता से गदगद नजर आ रहा है. मंगलवार को रिकवरी के साथ बंद हुए सेंसेक्स की बुधवार को शुरुआत शानदार रही. सेंसेक्स 264 अंकों की बढ़त के साथ 35,414 के स्तर पर कारोबार कर रहा है. जबकि निफ्टी 76 अंकों की तेजी के साथ 10,626 के स्तर पर आ गया है.



# आईपीएल 2019 : 346 खिलाड़ियों की होगी नीलामी, 18 दिसंबर को लगेगी बोली

नई दिल्ली। 18 दिसंबर, 2018 को आईपीएल 2019 में खेलने वाले खिलाड़ियों की नीलामी होने जा रही है. इस सीजन में खेलने के लिए 1003 खिलाड़ियों ने रजिस्टर किया था, जिनमें से 346 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है IPL t20 की वेबसाइट के मुताबिक, इस फ्रेंचाइजी की सभी 8 टीमों ने फाइनल लिस्ट सबमिट कर दी है. इस बार खिलाड़ियों का अधिकतम बेस प्राइज 2 करोड़ है. पहली बार खेलने वाले खिलाड़ियों का अधिकतम बेस प्राइज 40 लाख रखा गया है.

ब्रेंडन मैक्कुलम, क्रिस वोक्स, लसिथ मलिंगा, कॉलिन इंग्राम, शॉन मार्श, कोरी एंडरसन, सैम कुर्रन, एंजिलो मैथ्यूज और डी'आर्की शॉर्ट वो 9 खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अपने आपको अधिकतम बेस प्राइज वाली कैटेगरी में रखा है.

भारतीय खिलाड़ियों में जयदेव उनादकट (2018 के सबसे महंगे बिके खिलाड़ी) इस साल सबसे ज्यादा बेस प्राइस वाले कैटेगरी में हैं. उनके अलावा 4 अन्य खिलाड़ियों- युवराज सिंह, ऋद्धिमान साहा, मोहम्मद शमी और अक्षर पटेल 1 करोड़ वाली बेस प्राइस की कैटेगरी में है.

युवा खिलाड़ियों पर ज्यादा पैसे लगाएगी दिल्ली की फ्रेंचाइजी

दिल्ली के पास 18 दिसंबर को होने वाली आईपीएल नीलामी के लिए 25 करोड़ रुपये की धनराशि है. दिल्ली के फ्रेंचाइजी ऑनर पार्थ जिंदल ने कहा कि टीम ने अपनी रणनीति तय कर ली है.




उन्होंने कहा, ''हम निश्चित तौर पर इसे आपके साथ साझा नहीं कर सकते. मुख्य टीम वही रहेगी, जो पिछले दो साल से है. हमें युवा खिलाड़ियों पर ज्यादा निवेश करने की जरूरत है. हम अभी इस पर ध्यान देंगे.''

जिंदल ने कहा, ''धवन की मौजूदगी से हमारे शीर्ष क्रम को ज्यादा मजबूती मिली है. हमारे पास जो युवा खिलाड़ी (पृथ्वी सॉ और ऋषभ पंत) हैं, वे भारत की तरफ से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं. कप्तान और कोच पिछले सीजन वाले ही रहेंगे.

# 2019 इन राशियों के लिए खुशियां लेकर आ रहा

साल 2018 समाप्त होने वाला है और 2019 प्रारंभ होने वाला है, नया साल किन राशि के जातकों के जीवन में खुशियां लेकर आ रहा है, किन जातकों के लिए धनप्राप्ति के योग बन रहे हैं और कौन साल 2019 में व्यापार में सफल होगा, आइए जानते हैं इसके बारे में...



**वृष राशि** – वृष राशि के जातकों के लिए साल 2019 बहुत कुछ लेकर आ रहा है, इस राशि के जातकों को नए साल में धनलाभ होगा, ये जिस काम में हाथ डालेंगे उसमें इन्हें लाभ मिलेगा।

**कर्क राशि** – कर्क राशि के जातक साल 2019 में अगर अपना व्यापार प्रारंभ करते हैं तो ये उनके लिए नया साल फायदेमंद रहेगा, इसके साथ ही इनके सामाजिक मान - सम्मान व वर्चस्व में वृद्धि होगी।

**कन्या राशि** – कन्या राशि के जातकों को नए साल में कारोबार में लाभ होगा, घर में भी सुख - शांति का माहौल रहेगा, जिससे मन में प्रसन्नता रहेगी। वहीं जो जातक अपने जीवन में किसी साथी के आने का इंतजार कर रहे हैं उनके लिए नया साल बहुत ही भाग्यशाली साबित हो सकता है।

**धनु राशि** – साल 2019 धन लाभ के साथ ही प्यार के मामले में भी धनु राशि के जातकों के लिए काफी अच्छा रहेगा। इस राशि के जातकों को अपने जीवन साथी का पूरा सहयोग मिलेगा जिससे इनके बिगड़े काम बनेंगे।

## आज का राशिफल

<u>मेषः</u> व्यवसायिक क्षेत्र में अधिकारियों के साथ आवश्यक विषयो पर चर्चा होगी। आपके किसी परियोजना को सरकारी लाभ प्राप्त होने की संभावना है। कार्यालय से जुड़े कार्य के सिलसिले में कहीं बाहर जाने के अवसर भी आ सकते हैं।

<u>वृषभः</u> आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यापारी अपने व्यापार में धन लगाकर नए कार्य का प्रारंभ कर सकेंगे और भविष्य के लिए योजना भी बना पाएंगे। विदेश जाने की इच्छा रखने वालों को विदेश जाने का मौका मिलेगा।

<u>मिथुनः</u> आज क्रोध पर काबू रखें नहीं तो परेशानी होगी। बीमार व्यक्ति स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहें। सार्वजनिक स्थलों पर बदनामी न हो इसका ध्यान रखें। कम बोलकर वाद-विवाद या मनमुटाव दूर कर सकेंगे।

<u>कर्कः</u> संवेदनशीलता और प्रेम की भावनाओं से मन हरा-भरा रहेगा। आज विपरीत लिंगी व्यक्ति के प्रति अधिक आकर्षित होंगे। मौज-शौक की वस्तुओं, नए वस्त्राभूषण तथा वाहन वगैरह की खरीदारी होगी।

<u>सिंहः</u> गणेशजी कहते हैं कि उदासीन वृत्ति और संदेह की भावना आपके मन को बेचैन कर सकती है। दैनिक कार्य विलंब से पूरे होंगे। मेहनत के अनुकूल फल प्राप्त नहीं होने से निराश होंगे।

<u>कन्याः</u> आज मन में किसी बात की चिंता बनी रहेगी। स्वास्थ्य नरम रहेगा, पेट में तकलीफ हो सकती है। अचानक धन खर्च हो सकता है। आज बौद्धिक चर्चाओं से दूर रहना ही आपके लिए हितकर है।

<u>तुलाः</u> आज हरेक काम सोच-समझकर करें, बिना विचारे कोई निर्णय न लें। आज अच्छे विचार और अच्छी बात सुनकर आप मानसिक रूप से स्वस्थ महसूस करेंगे।

<u>वृश्चिकः</u> आज आपके लिए लाभदायी दिन है। आर्थिक लाभ होने के साथ-साथ भाग्य में भी वृद्धि होगी। परिवारवालों और संबंधियों के साथ सम्बंधों में प्रेम भाव बना रहेगा।

<u>धनुः</u> आज परिजनों के साथ होनेवाली गलतफहमी से बचें। व्यर्थ में धन खर्च हो सकते हैं, फिजूलखर्ची से बचें। किसी बात को लेकर मन में दुविधा बनी रहेगी।

<u>मकरः</u> ईश्वर भक्ति और पूजा-पाठ से आज दिन की शुरुआत करें। परिवार में मंगलकारी वातावरण रहेगा। दोस्तों और सगे-सम्बंधियों की तरफ से भेंट-उपहार मिलने से आनंद अनुभव करेंगे।

<u>कुंभः</u> पैसे की लेन-देन या जमानत के मामले में काफी सावधानी पूर्वक काम करें। पैसे का निवेश गलत जगह न हो, इसका ध्यान रखें। परिवार के सदस्यों के साथ अनबन की आशंका है।

<u>मीनः</u> आज आप सामाजिक कार्यों में भाग लेंगे। इससे आपका मान-सम्मान और जनसपर्क बढ़ेगा। बुजुर्गों और मित्रों का सहयोग मिलेगा।

# पराठों में भरें नया जायका- पिज्जा पराठा

**सामग्री :**

<u>आटा के लिए लिए</u>

मैदा- 2 कप, नमक- 1/2 छोटा टीस्पून, तेल- 2 टेबलस्पून, चीनी- 1 छोटी टीस्पून, ड्राई एक्टिव, यीस्ट- 1 छोटी टीस्पून

<u>स्टफिंग के लिए</u>

पत्तागोभी- 1 कप (बारीक कटी), शिमला मिर्च- 1 (बारीक कटा), बेबी कॉर्न - 2-3 (कद्दूकस किया), हरा धनिया - 2- 3 टेबलस्पून, मोजेरिला चीज - 50 ग्राम (कद्दूकस किया), काली मिर्च- 1/4 छोटी टीस्पून कुटी हुई, नमक- स्वादानुसार, अदरक का पेस्ट-1 टीस्पून, हरी मिर्च- 1(बीज हटा कर बारीक कटी), बटर या घी- 2-3 टेबलस्पून



**विधि :**

एक बाउल में मैदा, नमक, चीनी, तेल और एक्टिव ड्राई यीस्ट डालकर अच्छे से मिक्स करें और गुनगुने पानी से नरम आटा गूंथ लें और तेल लगाकर ढककर दो घंटे के लिए रख दें, जिससे आटा फूल जाएगा।

स्टफिंग बनाने के लिए एक बाउल में पत्तागोभी, शिमला मिर्च, बेबी कॉर्न, मोजेरिला चीज, काली मिर्च, अदरक का पेस्ट, हरी मिर्च, नमक डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।

स्टफिंग को 2 भागों में बांट लें। आटे को थोड़ा मसल लें और 2 भागों में बांट लें। और इसके एक भाग को 4-5 इंच का गोल बेल लें। फिर इसपर स्टफिंग का 1 भाग रखें और इसे चारों ओर से उठाकर बंद कर दें और गोल करके 10 मिनट तक ढककर रख दें। स्टफ्ड बॉल्स को सूखा मैदा लगाकर हल्का हल्का बेल लें।

तवा गरम करें जब तवा गर्म हो जाए तब इसपर थोड़ा सा बटर या घी लगाकर चारों ओर फैला लें। फिर बेले हुए पराठे को तवे पर डालें और धीमी आंच पर पराठे को 2 मिनट तक सेंक लें। फिर ऊपर की परत पर तेल लगा कर इसे पलट दें। फिर इस ओर भी थोड़ा सा तेल लगा दें और धीमी आंच पर दोनों ओर ब्राउन स्पॉट आने तक पलटते हुए सेंक लें। इसे सर्विंग प्लेट में निकालें और गरमा-गर्म सर्व करें।

# शब्द सामर्थ्य-15

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।




**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 14 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| गन | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |

# सू-दोकू-15

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.14 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |